कलिंगा कंपनी के असिस्टेंट मैनेजर को बंद कमरे में मारपीट

कंपनी के एक अन्य स्टाफ के साथ मारपीट, आरोपियों द्वारा 20 से 30 लाख रूपये मांगी जा रही थी रंगदारी

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 9 नवम्बर। एनसीएल परियोजना अमलोरी में कार्यरत कलिंगा कंपनी ओबी के सहायक मैनेजर एचआर एवं एक अन्य स्टाफ के साथ चार लोगों ने बंद कमरे में बेरहमी से मारपीट किया है। आरोपियों ने सहायक मैनेजर से कथा कराने के एवज में 20 से 30 लाख रूपये मांग रहे थे। मना करने पर जानवरो की तरह मारपीट करने लगे। इस घटना में कंपनी के दोनों स्टाफ को अंदरूनी चोटे आई हैं। वहीं इस पूरे मामले में कोतवाली पुलिस की भूमिका पर उंगली उठने लगी है।

दरअसल एनसीएल अमलोरी परियोजना के ओपन कॉस्ट माइंस में ओबी कंपनी कलिंगा में कार्यरत सहायक मैनेजर एचआर हेमंत डाकुआ पिता झंकर डाकुआ उम्र 33 वर्ष ने कोतवाली बैढ़न में तहरीर दिया कि बीते दिन 8 नवम्बर को दोपहर करीब 1:35 बजे मोबाइल पर फोन आया कि गुड्डू सिंह बोल रहा हूँ। मैं तुमको कितने दिनों से फोन कर रहा हूँ, लेकिन तुम मिलने नही आए।

उन्होंने तत्काल ट्रामा सेंटर बैढ़न के सामने 1 लाख रूपये लेकर आने के लिए बोला। करीब 15-20 मिनट के बाद भुवनेश्वर दुबे कंपनी के बोलेरो में सवार होकर ट्रामा सेंटर के सामने बैढ़न पहुंचा तो, वहां पर अंकित और डब्बू सिंह मिल गये। हम दोनों को एनसीएल बाउंड्री के किनारे बने एक छोटे से मकान में ले गये। जहां पर गुड्डू सिंह निवासी भरूहा एवं उनका गनमैन नागेश मिश्रा मिले।

अंकित ने पूछा कि हेमंत कौन है, फिर मैने अपना परिचय दिया और यही से भद्दी-भद्दी गालियां देते हुये कहा कि मुझे कथा करानी है, तुम दोनों 20 से 30 लाख रूपये दो। मना करने पर कहा कि पूरी कंपनी के वाहनों एवं तुम्हे भी जला दूंगा। आरोपियों ने मोबाइल छिनते हुये बेरहमी से मारपीट करने लगे।

पुलिस को जानकारी मिली और कोतवाली पुलिस सभी को थाने ले गई। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी गुड्डू सिंह, डब्बू सिंह, अंकित एवं नागेश मिश्रा के विरूद्ध बीएनएस की धारा 127(2)119 (1) 296 (बी) 115 (2) 351 (3) एवं 3 (5) के तहत अपराधियों को सोनभद्र जिले के चौपन से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया ।

पहले पकड़ा और छोड़ा, फिर आधी रात को दबोचा

मारपीट के सूचना के आधार पर पीड़ितो के साथ आरोपियों को कोतवाली पुलिस थाने ले गई। जहां दोपहर करीब 2 बजे से लेकर देर शाम तक पूछतांछ कर चलती रही। इस दौरान सीएसपी एवं टीआई भी आरोपियों से पूछतांछ करते रहे। बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। लेकिन सूत्र बताते हैं कि जैसे ही इसकी जानकारी एसपी को लगी, उन्होंने टीआई को सख्त लहजे में कहा कि यदि आरोपी तत्काल आरोपी गिरफ्तार नही होते हैं तो कार्रवाई तय है। एसपी की इस कड़ी निर्देश के बाद पुलिस हरकत में आई और गुड्डू सिंह समेत दो अन्य को सोनभद्र के चौपन से हिरासत में लिया। वहीं एक आरोपी गनियारी में धराया। आरोपियों को पहले छोड़ा क्यों?

रंगदारी एवं वसूली के मामले में पुलिस की भूमिका पर बड़ा सवाल

रंगदारी एवं गुण्डा वसली के मामले में कोतवाली पुलिस सवालों में घिर गई है और इसका ठोस जवाब पुलिस के पास नही है। गोलमाल जवाब देकर पुलिस अपनी स्वयं की पीठ थपथपा रही है। अब सवाल उठ रहा है कि जब फरियादी पुलिस के सामने भी रो-रोकर अपनी पीड़ा बता रहे थे, फिर उनके जख्मो को क्यों नही देखा? पुलिस का यह कहना है कि पहले पीड़ितो ने थाने में घटना की बात नही बताई थी। काफी डरे हुये थे। अपने एडमिन हेड आशीष चौबे एवं कलस्टर हेड विकास मिश्रा को बताया। इसके बाद कार्रवाई की गई। इधर इस बात की चर्चा है कि पुलिस उक्त मामले में डैमेज कंट्रोल में लगी थी, लेकिन मामला हाई प्रोफाईल था और एसपी तक बात पहुंच गई।

इनका कहना :-

बीते दिन 8 नवम्बर को कलिंगा कंपनी के अस्टिंट मैनेजर हेमंत डाकुआ अपने साथी के साथ थाना बैढ़न में आकर रिपोर्ट किया। जहां कथा कराने के एवज में 20 से 30 लाख रूपये की मांग कर रहे थे। असमर्थता जाहिर करने पर मारपीट की गई। आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की गई।

पुन्नू सिंह परस्ते
सीएसपी, विंध्यनगर

मैराथन दौड़ में प्रथम, द्वितीय व तृतीय प्रतिभागी पुरस्कृत

विधिक जागरुकता मैराथन का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 9 नवम्बर। आज दिन रविवार से 14 नवम्बर तक न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

न्यायोत्सव अभियान के तहत आज जिला न्यायालय परिसर बैढ़न से विधिक जागरुकता मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ में न्यायिक अधिकारीगण, पुलिस अमला पीएम उत्कृष्ट महा. के छात्र-छात्राओं तथा न्यायालय के कर्मचारियों ने सहभागिता की। मैराथन दौड़ उक्त परिसर से प्रारम्भ होकर बिलौंजी मोड़ से होते हुए जिविसेप्रा में समाप्त हुई। इस दौड़ में पुरुष वर्ग में अरविंद सिंह बैस प्रथम, चन्दू वर्मा द्वितीय एवं राजबहोर कोल तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में कु. ललिता सिंह प्रथम, सुषमा बैस द्वितीय एवं रागनी सिंह तृतीय स्थान पर रहे। पुरुष एवं महिला वर्ग में प्रथम तीन स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को डीजे द्वारा प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

एक नजर में

गर्दा कापरेटिव में संचालक मण्डल का चुनाव संपन्न



सिंगरौली। केन्द्रीय कर्मशाला कर्मचारी सहकारी उपभोक्ता भण्डार गर्दा में बीते दिन शनिवार को संचालक मण्डल के सदस्यों का शांतिपूर्वक संपन्न हुआ है। जहां संचालक मण्डल के 11 सदस्य निर्वाचित हुये हैं। सहकारिता के प्रभारी उपायुक्त पीके मिश्रा के अनुसार कापरेटिव के अध्यक्ष व उपाध्यक्षो का निर्वाचन 14 नवम्बर को होगा। इसमें दीपक दुवे भी सदस्य चुने गये हैं।

रेत की चोरी करते ट्रैक्टर जप्त

सरई। सरई पुलिस ने रेत की चोरी कर रहे एक ट्रैक्टर को ग्राम जट्ठा टोला पुलिया के पास से जप्त करते हुये कार्रवाई की है। थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह भदौरिया को मुखबिरों से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम रवाना किया। जहां जट्ठा टोला पुलिया के पास घेराबंदी कर ट्रैक्टर को जप्त कर लिया। ट्रैक्टर में अवैध रेत लोड था। वहीं बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहा था। पुलिस ने ट्रैक्टर को जप्त करते हुये आरोपी चालक एवं वाहन मालिक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

भालू के हमले से प्रौढ़ घायल

सिंगरौली। बरगवां थाना क्षेत्र के बाड़ीझरिया गांव के निवासी लखपति सिंह उम्र 60 वर्ष को आज दिन रविवार को तिलौली जंगल में हमला कर घायल कर दिया। बरगवां में प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय के लिए रिफर कर दिया गया।

ऐसे आयोजन न केवल अच्छे प्राथमिक उपचारकर्ता तैयार करते हैं : सुनील

अंतर क्षेत्रीय प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 9 नवम्बर। एनसीएल के ककरी क्षेत्र के एकलव्य मैदान में आज जोश और उत्साह से लबरेज़ माहौल में 16वीं अंतर क्षेत्रीय प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।

एनसीएल के सभी क्षेत्रों और इकाइयों से टीमें इस प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता में 370 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं, जिनमें से 130 महिला प्रतिभागी हैं। कार्यक्रम की शुरुआत बतौर मुख्य अतिथि निदेशक सुनील प्रसाद सिंह ने सुरक्षा ध्वज फहराकर की। तत्पश्चात उन्होंने परेड की सलामी ली और सभी प्रतिभागी टीमों से परिचय प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में महिला कर्मियों के साथ-साथ एनसीएल परिवार की होम मेकर्स की भागीदारी, घर से लेकर कार्यस्थल तक प्राथमिक उपचार और सुरक्षा की संस्कृति में नारी शक्ति की सशक्त भूमिका को रेखांकित कर रही है। इस अवसर पर निदेशक सुनील प्रसाद सिंह ने अपने संबोधन में जोश और उत्साह के साथ प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता को सफल बनाने का आह्वान किया। चिकित्सा सेवा में फर्स्ट एडर की महत्ता बताते हुए उन्होंने कहा कि प्राथमिक उपचार की जानकारी और सजगता, सुरक्षित कार्यस्थल की अनिवार्य शर्त है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल अच्छे प्राथमिक उपचारकर्ता तैयार करते हैं, बल्कि ज्ञान और अनुभव भी बढ़ाते हैं। उन्होंने एनसीएल के चिकित्सा एवं सुरक्षा से जुड़े सभी अधिकारियों, कर्मियों और संविदा कर्मियों को इस आयोजन में योगदान हेतु सराहा।

कोर्ट में अनियमितता मिलने पर तहसीलदार समेत रीडर व पटवारी को नोटिस

कलेक्टर ने राजस्व न्यायालय बैढ़न एवं पंजरेह का किया निरीक्षण, लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 9 नवम्बर। शहरी तहसील कार्यालय पचौर एवं राजस्व न्यायालय बैढ़न एवं पंजरेह का कलेक्टर गौरव बैनल ने आज निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्राप्त नामांतरण, सीमाकंन तथा वटनवारा, नक्शा तरमीम के प्रकरणो का अवलोकन किया गया।

अवलोकन के दौरान कोर्ट के कार्यो में अनिमितता मिलने पर तहसीलदार सविता यादव एवं उनके रीडर तथा पटवारी को समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत नही करने पर तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि 15 दिवस के अंदर लंबित राजस्व प्रकरणो का निराकरण कर संबंधित तहसीलदार पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करे। उन्होंने कहा कि सभी तहसीलदार अपने निर्धारित किए गए दिवसो में कोर्ट संचालित करें। साथ ही प्रकरणो का पूरी गंभीरता के साथ समय सीमा के अंदर निराकरण करे। कलेक्टर ने रिकॉर्ड सुधार के प्रकरणो में संबंधित पटवारियों द्वारा निर्धारित समय पर पटवारी रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देशित किया, ताकि प्रकरणो का समय पर निराकरण हो सके। समय-समय पर पटवारियों की बैठक आयोजित कर लंबित रिपोर्ट को समय पर पूर्ण कर न्यायालय में प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित करे। वही उपखण्ड अधिकारी सिंगरौली को निर्देशित किया कि स्वंय भी राजस्व न्यायालयो का निरीक्षण करें तथा न्यायालयीन प्रक्रिया में सुधार लाया जाये। ताकि लंबित राजस्व प्रकरणो का समय सीमा के अंदर निराकरण किया जा सके। कलेक्टर के इस कार्रवाई से राजस्व अमले में हड़कंप मचा हुआ है। इधर कलेक्टर के निरीक्षण के दौरान उपखण्ड अधिकारी सिंगरौली सुरेश जाधव, तहसीलदार सविता यादव, अभिषेक यादव अन्य मौजूद रहे।

समाज में फैलाई जा रही अश्लीलता, इससे बचे : आराधना

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 9 नवम्बर। गुम नाबालिक बालिकाओं की दस्तयाबी एवं विद्यालय में जागरूकता के लिए मुस्कान विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

एसपी के निर्देशानुसार महिला थाना प्रभारी आराधना सिंह परिहार एवं उप निरीक्षक प्रियंका शर्मा, सउनि पुष्पा गिरी, प्रआर अखिलेश, बेलकली के द्वारा आज दिन रविवार को सरस्वती बालिका विद्यालय दुधिचुआं द्वारा आयोजित सप्तशक्ति संगम में छात्राओं एवं उनके माताओं के साथ मुस्कान विशेष अभियान के संबंध में जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बताया कि छात्राओं और उनके माता-पिता के चेहरे पर मुस्कान कैसे लाई जाए। इस दौरान नाबालिक बालिकाओं की दस्तयाबी, अपराधों की जानकारी एवं बालकों की क्रियाकलापों का आंकलन कर उनके दुष्परिणामों से अवगत कराना, महिलाओं के प्रति सम्मान एवं आदर की भावना, समाज में फैलाई जा रही अश्लीलता के दुष्परिणामों के संबंध में जागरूक किया।

सुपर मास्टर गेम्स में विनोद राय ने जीता चार गोल्ड दो सिल्वर मेडल

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 9 नवम्बर। मास्टर गेम्स एसोशिएसन म.प्र. भोपाल की ओर से दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन आज दिन रविवार को उज्जैन में संपन्न हुआ है। जहां बरगवां महाविद्यालय में पदस्थ जिला क्रीड़ा अधिकारी डॉ. विनोद राय ने चार गोल्ड एवं दो सिल्वर मेडल जीत सिंगरौली का नाम रोशन किया है।

जानकारी के अनुसार शासकीय महाविद्यालय बरगवां में पदस्थ क्रीड़ा अधिकारी डॉ. विनोद राय ने उज्जैन में आयोजित मास्टर गेम्स प्रतियोगिता में हिस्सा लिये। जहां उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुये चार गोल्ड एवं दो सिल्वर मेडल अपने नाम करते हुये महाविद्यालय बरगवां के साथ-साथ जिले का नाम गौरवांवित किया है।

छात्रों के भ्रमण से ज्ञान और अनुभव का संगम है : थापर

छात्रों ने पंचमढ़ी के प्राकृतिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों का किया अवलोकन

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 9 नवम्बर। दिल्ली पब्लिक स्कूल निगाही के विद्यार्थियों की शैक्षणिक यात्रा सकुशल संपन्न हुई।

इस पाँच दिवसीय यात्रा की जानकारी देते हुए विद्यालय के प्राचार्य सुखवंत सिंह थापर ने बताया कि इस यात्रा में विद्यालय के 7वीं कक्षा से 12वीं कक्षा तक के 73 लड़के और 58 लड़कियों के साथ कुल 131 विद्यार्थी तथा 7 शिक्षक शामिल थे। इस यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा की सीमाओं से बाहर निकलकर उन्हें प्राकृतिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों का सजीव अनुभव करना था। विद्यालय के शिक्षकों के संयोजन में यह यात्रा अनुशासन, आनंद और सीख से परिपूर्ण रही। पहले दिन की यात्रा विद्यार्थियों ने निगाही से रीवा बस द्वारा एवं रीवा से पिपरिया, रीवा-भोपाल सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन के द्वारा तय किया। दूसरे दिन पिपरिया स्टेशन से पंचमढ़ी होटल की यात्रा टैक्सी द्वारा हुई। विद्यार्थियों ने पंचमढ़ी पहुँचकर वहाँ के म्यूजियम, पांडव गुफा, बी-फॉल झरना, रीछगढ़ और धूपगढ़ जैसे ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण किया। प्राचार्य ने इस भ्रमण को ज्ञान और अनुभव का संगम बताते हुए कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक यात्राएँ बच्चों में आत्मनिर्भरता, पर्यावरण चेतना और टीमवर्क जैसे गुणों को विकसित करती हैं।

51वें स्थापना दिवस पर मो. दानिश की आवाज में मना जश्न

नवभारत न्यूज

शक्तिनगर 9 नवम्बर। एनटीपीसी लिमिटेड के 51वें स्थापना दिवस के अवसर पर बीते दिन शनिवार को एनटीपीसी सिंगरौली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में एक सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर लोकप्रिय बॉलीवुड पार्श्वगायक मो. दानिश ने अपनी मोहक आवाज और सुरों की जादूगरी से वातावरण को सुरभित कर दिया। दानिश ने नए और पुराने लोकप्रिय गीतों की श्रृंखला प्रस्तुत की, जिनमें दिल दिया गल्ला, तेरा होने लगा हूँ, तुम ही हो, अगर तुम साथ हो, खुदा जाने, तुझमें रब दिखता है, भर दो झोली मेरी मौला और अन्य सूफियाना कलामों ने श्रोताओं के हृदय को स्पंदित कर दिया। हर गीत पर दर्शक झूम उठे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप नायक परियोजना प्रमुख ने अपनेउद्बोधन में कहा कि एनटीपीसी का स्थापना दिवस केवल एक संस्थागत उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्रनिर्माण की उस गौरवगाथा का स्मरण है, जिसमें हमारे कर्मचारी, उनके परिवार और स्थानीय समुदाय समान रूप से सहभागी हैं।

जीआरएस ने आंचलिक खबर नवीस को एससी एसटी एक्ट में फंसाने की दी धमकी

नवभारत न्यूज

सरई 9 नवम्बर। स्थानीय एक खबरनवीस को झारा ग्राम पंचायत में पदस्थ रोजगार सहायक ने एससी-एसटी एक्ट समेत अन्य कई धाराओं में फंसाने की धमकी दिया है और यह धमकी खबरनवीस के निजी दफ्तर में दिया है।

जानकारी के अनुसार खबरनवीस शंकर प्रसाद जायसवाल पिता स्व. बालमिक प्रसाद जायसवाल निवासी ईटमा-अमहा टोला ने पिछले दिनों ग्राम पंचायत झारा से जुड़े खबरो को समाचार पत्रों में प्रकाशित किया था। जहां प्रभारी सचिव एवं रोजगार सहायक शिवबदन साकेत 7 नवम्बर को शाम के वक्त दफ्तर में पहुंच अश्लील गालियां देते हुये भड़कते हुये साफ शब्दो में कहा है कि इस तरह की खबरे लगा रहे हो, किसी भी दिन एससी-एसटी एक्ट समेत अन्य दुराचार, महिला के साथ छेड़खानी जैसे धाराओं में फंसा दूंगा। सरकार ने मुझे अधिकार दिया है। इस घटना से आहत एवं भयभीत खबरनवीस ने थाना सरई में लिखित रिपोर्ट देकर न्याय की गुहार लगाई है।

चन्द्रमा टोला में लाखों की चोरी, आरोपियों के कब्जे से जेवरात व कैश बरामद

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने चोरी का किया खुलासा, इंस्ट्राग्राम के माध्यम से लोगों की प्रोफाईल पर विजिट कर आभूषणों से लैश महिलाओं को बनाते थे निशाना

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 9 नवम्बर। कोतवाली बैढ़न के चन्द्रमा टोला निवासी फरियादिया रेखा शाह पति रविन्द्र शाह के घर में पिछले दिनों 6 नवम्बर को दिनदहाड़े हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा किया है। इस सनसनीखेज चोरी में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरो के कब्जे से सोन-चॉदी के आभूषण समेत इस्तेमाल मोटरसाइकिल बरामद की है।

इस चोरी का खुलासा करते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सर्वप्रिय सिन्हा ने आज मीडिया कर्मियों को जानकारी देते हुये बताया कि 6 नवम्बर को कचनी के चन्द्रमा टोला निवासी रेखा शाह अपने परिजनों के साथ घर का ताला बंद कर धान काटने गई थी। वापस आने पर मेन गेट का ताला एवं आलमारी का लॉक टूटा हुआ था और सामान बिखरा हुआ था। आलमारी के अंदर से 40 हजार रूपये कैश एवं लाखों रूपये के सोने-चॉदी के जेवरात गायब थे। फरियादिया के रिपोर्ट पर पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरो को जांचा। जहां संदेहियों की पहचान पवन कुमार गिरी उम्र 20 निवासी चोकरा के रूप में की गई। एएसपी ने आगे बताया कि यहीं से संदेहियों को पकड़ने का सिलसिला शुरू हुआ है। संदेहियों को अभिरक्षा में लेकर पूछतांछ की गई। इस दौरान यह भी जानकारी मिली कि आरोपियों ने सोने-चॉदी के जेवरात को प्रमोद सोनी एवं नीरज सोनी को बेच दिया था। पुलिस ने इन सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर चोरी के जेवरात को बरामद किया। साथ ही 10 हजार रूपये भी जप्त किया गया। एएसपी ने बताया कि शातिर आरोपी पवन गिरी इंस्ट्राग्राम चलाता है और लोगों की प्रोफाईल पर विजिट कर महिलाओं के गहने एवं आर्थिक स्थिति के संबंध में जानकारी हासिल करता था। गिरफ्तार आरोपियों में पवन गिरी पिता मणि गिरी उम्र 20 वर्ष, छोटू उर्फ रोहित भारती पिता सीताराम भारती उम्र 19 वर्ष, प्रमोद सोनी पिता विजय सोनी उम्र 26 वर्ष दोनों निवासी शक्तिनगर एवं नीरज सोनी पिता छुन्नालाल सोनी उम्र 30 निवासी कटारा बाजार बैढ़न को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध बीएनएस की धारा 331(3), 305(ए) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इस दौरान सीएसपी पुन्नू सिंह परस्ते एवं टीआई अशोक सिंह परिहार मौजूद रहे।